कायस्थ समाज को समर्पित

# चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

कार्यालय पता : 84/51, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर-302033

जयपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025 | श्री चित्रगुप्ताय नमः | वर्ष - 3 | अंक : 98 (पेज - 1)


## भारतीय कायस्थ महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



पटना, चित्रांश एक्सप्रेस। बिहार में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रथम दिवसीय बैठक की शुरुआत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष बिनोद कुमार श्रीवास्तव जी ने किया। इस बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के विभिन्न पदाधिकारी और अनेक राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों ने भी शिरकत किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बिहार प्रदेश के अनेक पदाधिकारियों ने भी भरपूर सहयोग किया जिनमें अपर्णा भारती, मोहन श्रीवास्तव पूर्व डिप्टी मेयर ( गया नगर निगम ), माला सिन्हा ( नगर वार्ड पार्षद , पटना ), रबीश श्रीवास्तव, आलोक कुमार, पुष्कर की बैठक में आप अभिकुमार, , मनीष आनंद, रोहित कुमार, विकास श्रीवास्तव, त्रिभुवन प्रसाद श्रीवास्त, दीपक कुमार श्रीवास्तव, पुष्कर सिन्हा, समीर श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, शिक्षक नेता संतोष श्रीवास्तव जी आदि प्रमुख रहें ।

## अलवर में 38वां कायस्थ वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन




अलवर, चित्रांश एक्सप्रेस। बैसाखी को राजस्थान के अलवर जिले में 38वा कायस्थ वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन कायस्थ सभा अलवर एवं श्री चित्रगुप्त नवयुवक समिति जयपुर के संयुक्ततत्वाधान में बड़े ही आनंद उमंग के साथ आयोजित हुआ।

कायस्थ सभा अलवर के अध्यक्ष श्री अविनाश माथुर एवं श्री चंद्रगुप्त नवयुग समिति जयपुर के अध्यक्ष श्री युगल किशोर नेहवारिया ने बताया कि इस सम्मेलन में राजस्थान के अलावा हरियाणा, गुजरात, बिहार,उत्तर प्रदेश के जिलों से विवाह योग्य युवक युवतियां शामिल हुए ।

इस अवसर पर छह जोड़ो की शादी तय हुई तथा उन सबने सामूहिक विवाह दिनांक 5 फरवरी 2026,( गुरुवार ) के लिए पंजीकरण करवाया। कायस्थ सभा अलवर की कार्यकारिणी के संयुक्तसचिव एवं मेरे भाईसाहब श्री अक्षय कुलश्रेष्ठ जी ने बताया की सभा सामाजिक कल्याण के सभी महत्वपूर्ण कार्य विगत वर्षों से कर रही है। तथा चित्रगुप्त छात्रावास एवं अन्य कार्य के लिए अब तक सवा करोड़ रुपए खर्च कर चुकी है। एवं बहुत ही अनुशासनिक तथा नियमों के तहत समाज के लोग मिलकर सामाजिक कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं तथा वर्तमान में सभा का बैंक बैलेंस लगभग 25 लाख रुपए से ज्यादा का मौजूद है ।

यह सब आपसी विश्वास एवं सहयोग से तथा कार्य करने में कुशल पदाधिकारी के अनुशासन से ही संभव हुआ है। कार्यक्रम सुबह प्रातः 10:00 बजे श्री भगवान श्री चंद्रगुप्त जी की पूजा अर्चना से शुरू किया गया तथा मंच संचालन अलका माथुर , रेखा सक्सेना एवं नेहा सक्सैना ने संयुक्तरूप से किया , सभी तय हुए वैवाहिक बंधन में बंधने वाले छह जोड़ों को संयुक्त रूप से शॉल उड़ा कर सम्मानित किया गया एवं सभा ने आए हुए आगंतुकों की आवास एवं खानपान की अति सुंदर व्यवस्था की गई।

सभा के अध्यक्ष अविनाश माथुर के अलावा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सक्सेना सचिव विक्रांत माथुर संयुक्त सचिव श्री अक्षय कुलश्रेष्ठ, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार माथुर बाल संघ सचिव भानु माथुर तथा अन्य पदाधिकारी को जयपुर के ठिकाना आराध्य देव गोविंद जी मंदिर के द्वारा भेजे गए दुपट्टा एवं प्रसाद श्री युगल किशोर नेहवारिया जी द्वारा सभी को भेंट किए गए।

## संपादकीय



### अजीत सक्सैना

मत परेशान हो, क्योंकि आमतौर पर...

1. चालीस साल की अवस्था में 'उच्च शिक्षित' और 'अल्प शिक्षित' एक जैसे ही होते हैं। ( क्योंकि अब कहीं इंटरव्यू नहीं देना, डिग्री नहीं दिखानी ).

2. पचास साल की अवस्था में 'रूप' और 'कुरूप' एक जैसे ही होते हैं। ( आप कितने ही सुन्दर क्यों न हों झुर्रियां, आँखों के नीचे के डार्क सर्कल छुपाये नहीं छुपते ).

3. साठ साल की अवस्था में 'उच्च पद' और 'निम्न पद' एक जैसे ही होते हैं।( चपरासी भी अधिकारी के सेवा निवृत्त होने के बाद उनकी तरफ़ देखने से कतराता है ).

4. सत्तर साल की अवस्था में 'बड़ा घर' और 'छोटा घर' एक जैसे ही होते हैं। ( बीमारियाँ और खालीपन आपको एक जगह बैठे रहने पर मजबूर कर देता है, और आप छोटी जगह में भी गुज़ारा कर सकते हैं ).

5. अस्सी साल की अवस्था में आपके पास धन का 'कम होना' या 'ज्यादा होना' एक जैसे ही होते हैं। ( अगर आप खर्च करना भी चाहें, तो आपको नहीं पता कि कहाँ खर्च करना है ).

6. नब्बे साल की अवस्था में 'सोना' और 'जागना' एक जैसे ही होते हैं। ( जागने के बावजूद भी आपको नहीं पता कि क्या करना है ).

जीवन को सामान्य रुप में ही लें क्योंकि जीवन में रहस्य नहीं हैं जिन्हें आप सुलझाते फिरें.

आगे चल कर एक दिन सब की यही स्थिति होनी है, यही जीवन की सच्चाई है...

चैन से जीने के लिए चार रोटी और दो कपड़े काफ़ी हैं... पर ,बेचैनी से जीने के लिए चार गाड़ी, दो बंगले और तीन प्लॉट भी कम हैं !!

# मुंशी प्रेमचंद साहित्य ग्रुप के इस सप्ताह के साहित्यकार



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

मैं इन्तज़ार करूँगी ज़रूर
तुम पुकारो न पुकारो,
मैं इन्तज़ार करूँगी ज़रूर ।
तेरी राह में रात दिन,
आँखें गड़ाए, बैठूँगी ज़रूर ।

तुम अपनी बातों से,
मेरा मन बहलाओ या न बहलाओ,
कोई परवाह नहीं,
मैं तुम्हारी दिलकश अदाओं से,
अपना दिल बहलाऊँगी ज़रूर ।

क्या श्यामें क्या रातें,
कट जाए इंतज़ार में, कोई गम नहीं,
मैं तो अपनी हस्ती मिटाने बैठी हूँ,
तुम आकर देखना ज़रूर ।

याद तुम्हें हर पल करती हूँ,
कैसे बताऊँ अब तुम्हें।
मेरे दोस्तों से पूछ लो,
मेरी बातों में,
तुम्हारा ज़िक्र होता है ज़रूर।

मर मिटना चाहती हूँ मैं ,
तेरी हर अदा पर मेरी जान।
तुम्हें पाने के लिए ही सही,
फिर एक बार मैं, जन्म लूँगी ज़रूर ।

'सुखी' सुखदा इंदोलिकर
नासिक, महाराष्ट्र



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

मैं कहूँ, दिल की कहूँ, खुल कर कहूँ।
दिल में जो जज़्बात हैं, बाहर कहूँ।
बात मेरी लोग दोहरायें कभी -
जो कहूँ, पहले से कुछ बेहतर कहूँ।

ज़ेह्नो-दिल में कशमकश चलने लगे।
जब ज़माने का चलन खलने लगे।
या कि रास आये न मौजूदा निज़ाम -
फ़िक्र तब अल्फ़ाज़ में ढलने लगे।

है ख़बर मुझ को फ़ना होना यहाँ।
फ़ानी है सब कुछ, यही रोना यहाँ।
लफ़्ज़ ये मेरे बशक्ले-शाइरी -
ढूँढ़ ही लेंगे कोई कोना यहाँ।

जैसा हूँ वैसा ही बस दिखता हूँ मैं।
स्वाँग कर हरगिज़ नहीं बिकता हूँ मैं।
क़द्रदाँ कोई मिलेगा ही कभी -
एक इसी उम्मीद पर लिखता हूँ मैं।

सोच है मेरी अलग जादू भरी।
हूँ जुनूनी, कर रहा हूँ शाइरी।
शाया होगी या नहीं, सोचा नहीं -
भर रहा हूँ डाइरी पर डाइरी।

एक मा'मूली बहुत क़िरदार हूँ।
हाँ, मगर हस्सास हूँ, खुद्दार हूँ।
दौलतो-शुह्रत का तो तालिब नहीं -
पर अना रखता हूँ इज़्ज़तदार हूँ।

पाँव अपने हूँ टिकाये फ़र्श पर।
पर तख़य्युल में उड़ा हूँ अर्श पर।
क़ायम अपने ही उसूलों पर रहूँ -
आँच आने दूँ नहीं आदर्श पर।

अनिल अनवर



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

माटी-का-यह-तन-माटी-में-मिल-जाए

माटी से निर्मित यह तन
एक दिन माटी में मिल जाए।
आश्चर्य! मानुष जाने क्यूं फिर
हाड़ मांस पर इतना इतराए।
चार दिन का जीवन पर इसके
एक क्षण का भी सार न पाए।
पाप कपट छल छिद्र द्वेष और
न जाने कितने प्रपंच रचाए।
कर अपने इन कर्मों को पगला
फिर काशी, सरयू नहाकर आए।
इस कोरे मूरख अज्ञानी को
क्यूं इतनी बात समझ न आए!
आया था खाली हाथ लिए जग में
हाथ पसारे अन्त जगत से जाए।
उसकी इस लिखी कहानी में
जोड़ तोड़ नहीं कोई कर पाए।
लिखा जो वही होकर रहना है
उसके आगे जोर नहीं चल पाए।
भेजा जिसने हमें इस जग में
एक वही तो वापस रहे बुलाए।

सीमा शर्मा 'तमन्ना', नोएडा, उत्तर प्रदेश



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

खुद हूं मैं मुसाफिर ; खुद की तलाश में रहता हूं
तुम हकीकत में जिंदा हो ; मैं ख्वाब में रहता हूं

तुम हो कि एक ज़ख्म में डूब जाना चाहते हो
और एक मैं हूं कि ;गमों के सैलाब में बहता हूं

कोई पूछे जो मिलो हो किसी टूटे बिखरे सरब्स से
अपनी ही महिफ़िल में सबका जवाब में रहता हूँ

न चाहकर भी पढ़ना पड़ता है जमाने को मुझे,
में दर्द की तमाम किताब के क़िस्सों में रहता हूँ

खुद तो बदलते हैं पल पल गिरगिट सा रंग अपना
और शिकायत मुझसे हैं कि मैं नक़ाब में रहता हूँ

सुधीर सक्सैना भिण्ड



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

हार नहीं मानूंगा
हरगिज हार नहीं मानूंगा।
नित-नित रार नई ठानूंगा।
उम्मीदें सब टूट गई हों।
डोर हाथ से छूट गई हों।
घेर खडी हों लख विपदाएं,
किस्मत अपनी रूठ गई हों।
मैं हथियार नहीं डालूंगा।
हरगिज हार नहीं मानूंगा।
पथ में बिछे हुए हों कांटे।
मुश्किल मार रही हों चांटे।
हारों के इतिहास बने हों,
किन्तु नहीं साहस के घाटे।
डर का खौफ नहीं पालूंगा।
हरगिज हार ............
मैं वीरों का वंशज आला।
मुझसे कांपे दुश्मन साला।
मुझे हरा दे किसमें दम है,
मुझ-सा कौन यहां मतवाला।
कल पर काम नहीं टालूंगा।
हरगिज हार .......
दुश्मन ने जब-जब ललकारा।
छाती पे चढ़ के अरि मारा।
जान हथेली पर रखता हूँ,
नहीं मान से कुछ भी प्यारा।
छतरी बहुत बड़ी तानूंगा।
हरगिज हार ......
करूँ मृत्यु से नित अठखेली।
सारी मुश्किल मैंने झेली।
तूफानों से लड़ा हमेशा,
मेरा जीवन एक पहेली।
गम से हार नहीं मानूंगा।
हरगिज हार नहीं मानूंगा।

चन्द्रवीर सोलंकी 'निर्भय'



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

नवीन कल्पना करो
भारत आजाद है
गंगा-यमुना आजाद है
हवा, पानी, पेड़-पौधे
सब का खिला खिला आसमान है
नवीन कल्पना करो .....
तुम नवीन कल्पना करो.....
न धरती में हिस्सेदारी
न सूर्य पर पहरेदारी
न हवा में भागीदारी
तुम खुद.....
नव देश निर्माण करो
सपनों का भारत अपना
स्वर्ग से प्रयाप्त करो
नवीन कल्पना करो....
तुम नवीन कल्पना करो....
भूखा न सोये ज़नगण
हँसता खेलता परिवार हो
बारिश में न भीगे तन-मन
अपना-अपना पक्का मकान हो
भारत आजाद है
दृढ़ संकल्प लो
नवीन कल्पना करो
तुम नवीन कल्पना करो
रेगिस्तान सोना उगले
उगले हीरा- मोती
नदी किनारे पुष्प खिले
भारत सम खुशियों की टोली हो
नवीन कल्पना करो
तुम नवीन कल्पना करो
भारत आजाद है, पर
जनता शीर्ष से आजाद नहीं
शीश पर पगड़ी छोड़ो
तन पर पूर्ण वस्त्र नहीं
घर-घर सुखमय दीप जले
तम का अंधेरा क्षण में हरे
नवीन कल्पना करो....
तुम नवीन कल्पना करो.....

उमेश कुमार फलका, कटिहार,बिहार



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

कर्ज की किरण
झोपड़ी की छत टपकती थी,
पर सपने फिर भी चमकते थे।
सूखी रोटियों में स्वाद नहीं,
मगर माँ-बाप के इरादे भड़कते थे।
पिता की हथेली फटी हुई,
माँ के पाँव में छाले थे।
बेटा पढ़ेगा, बेटी बढ़ेगी,
बस यही तो उनके ख़्वाब निराले थे।

सूद पर कर्ज लिया था तब,
जब दवा के लिए पैसे नहीं थे।
बेटी की शादी के वक्त,
गहने नहीं, आँसू बेचे थे।
हर महीने सूद बढ़ता गया,
पर उम्मीद कभी कम न हुई।
गरीबी ने कितना भी दबाया,
पर हिम्मत ने हार न मानी कभी।

रात के खाने से पहले,
कर्ज की चर्चा होती थी।
'कब चुकाएंगे सब?'
ये बात हर बार खामोशी में रोती थी।
पर एक दिन उसी घर से,
एक अफसर निकला चमकता हुआ।
बेटा नौकरी पे लग गया,
बेटी बन गई दीपक-सा उजाला हुआ।

अब कर्ज की वो किरण,
गर्व की रौशनी बन गई।
जो कभी बोझ थी,
आज सम्मान की कहानी बन गई।

अनोप भाम्बु , जोधपुर



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

शब्द भी शून्य हो जायेंगे
जहाँ पर, सारे शब्द भी शून्य हो जायेंगे...
तब भी मैं तुम्हें पढ़ लूंगी,
जहाँ तक, इस इला से सारी आवाजें,
सारे स्वर नभमय हो जायेंगे...
उस वक्त भी मैं सुन लूंगी तुम्हें,
जहाँ पर, नदियों के सारे सुर-ताल,
गुम हो जायेंगे...
उस समय भी मैं गुनगुना लूंगी तुम्हें,
जब तक, मेरी समस्त ज्ञानेन्द्रियाँ शिथिल नही हो
जाती, तब तक मैं, छू सकती हूँ तुम्हें,
तुम तब तक, बिसरने वाले नही,जब तक मैं
मृत्यु-शैय्या को प्राप्त नही कर लेती।
एक बात और-- शायद उसके उपरांत भी
मैं इतना सामर्थ्य रख पाऊँ कि-मेरी आवाजें
उन सात सुरों को अपनी ग्रीवा में समायें हुए हो !
सान्ध्य बेला के समय उतर आई लालिमा भी
मेरे कपोलों को सिंदूरी रंग लिए सुबह तक
जागी रहें....
तुम न जान पाये.. और- न ही जान पाओगे...
इस मिलन की दीप्ति को, देखा है तुमने
इस निसर्ग के श्रंगार को... रंग चढ़ा है
तुम्हारा ऐसा कि मेरी हथेली ही क्या, इस पूरी
कायनात का रंग ही
रंगहीन हो गया है !
मुझे न उस मधुमास की चाह नहीं
मैं तो खिज़ा के प्रेम में डूबी हूँ इतना
कि जिसकी समस्त सूख चुकी
डालियों में जो स्मृतियां लटकी हुई है
न शायद मैं उन्हें भी चुन लुंगी...
देखा तुमने मुझे-- मैं आज भी उसी
प्रतीक्षा में.. सितारों की मध्यम रोशनी
में एक दिवा जलायें
हुए बैठी हूँ.. कि कहीं कोई एक तारा
ही तुम्हारे आने की
खबर दे दे तुम ये क्या बिल्कुल भी
नहीं जानते हो कि-
अप्रीति की गर्द के फलस्वरूप भी
कहीं कोई कोमल अनुभूतियां है...
जो दर्द को, व्यथा को सुन भी लें....
और पढ़ भी लें देखा तुमने-- मौन
उस वक्तभी चीत्कार नही करता।
तुम शायद यह भी नही जानते हो
कि-- प्रत्याशा के बिना प्रेम अपना
सौंदर्य तक खो देता है.. और पवित्रता
खो देती है अपना शून्य !!!

डॉ. पल्लवी सिंह 'अनुमेहा' बैतूल, मध्यप्रदेश

वन्दना दुबे वाराणसी



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

चाँदनी रात, वो झील का साहिल,
तेरा दामन था जुल्फ़ों की तरह
दिलकश।
नर्म हवा तेरे नाम गुनगुनाए,
हर मंजर बना था मोहब्बत की रस्म।
फूलों पे जब तेरे क़दम पड़े थे,
बहारों ने खुद को सँवारा था यूँ।
तू चले तो ज़मीन भी महकने लगे,
जैसे तूफ़ां में आया हो सुकूँ।

तेरी बातों में मौसम बदलते रहे,
तेरी आँखों में शामें उतरती रहीं।
दरख़्तों की शाखें भी झुक-झुक के
बोलीं,
तेरे बिना तो ये रुतें अधूरी रहीं।
बारिश की बूँदें तेरा अक्स माँगें,
हवाएं तेरा नाम दोहराएं बार-बार।
तेरे होने से मंजर में जान है यूँ,
जैसे साज में छुपा हो कोई दिलदार।

हर तरफ़ तेरी खुशबू बसी इस क़दर,
के जिधर देखूँ तू ही नज़र आए।
ये नज़ारे हैं या तेरा प्यार है,
जो फिज़ा में भी मुझसे कुछ कह जाए।

# धर्मराज चित्रगुप्त प्राकट्य दिवस उत्सव पर 101 दीपकों से सामुहिक आरती, भजन संध्या एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित

जयपुर, चित्रांश एक्सप्रेस। जयपुर नगर की कायस्थ संस्थाओं ने राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद जयपुर एवं राजस्थान कायस्थ महासभा के संयोजन में यह उत्सव विजयपथ मोड़ शिप्रा पथ स्थित धर्मराज चित्रगुप्त मंदिर के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर चित्रगुप्त जी का पुष्प मालाओं से भव्य श्रृंगार किया गया।कार्यक्रम में महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद 'कुमारसंभव' ने राज्य सरकार से चैत्र शुक्ल दशमी धर्मराज दशमी पर धर्मराज चित्रगुप्त जयंती का प्रतिवर्ष राजकीय अवकाश रखने की अपील की।



इस अवसर पर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष जुगल किशोर डिग्गीवाले ने उपस्थित कायस्थ बंधुओं को विवाह समारोह आदि में मिलनी, लिफाफा तथा गस्सा खिलाने की प्रथा समाप्त करने की शपथ दिलवाई।

आरती के प्रमुख यजमान देवेन्द्र स्वरूप माथुर, जगदीश प्रकाश माथुर, नरेंद्र बिहारी, कैलाश नारायण, के एन माथुर, दयाल नारायण, दया शंकर माथुर, युगल नेहवारिया, जुगल सक्सेना, कुलदीप माथुर, राजेश नेपालिया, रीना नेपालिया, ओम नारायण, मिंटू जी, विजेंद्र माथुर, रजनीश, नरेश निगम, सुनील माथुर, संजय माथुर सहित लगभग 60 चित्रांश थे।

इस अवसर पर धर्मराज चित्रगुप्त जी की कथा का भी संक्षिप्त वाचन किया गया। भगवान श्री चित्रगुप्त ब्रह्मा जी के चित्त से प्रकट हुए थे। प्रजापति ब्रह्मा जी ने उन्हें अखिल ब्रह्माण्ड का सर्वोच्च धर्माधिकारी एवं न्यायाधिपति घोषित करते हुए उसको सम्पूर्ण सृष्टि चक्र एवं प्राणियों के कर्मचक्र का नियमन एवं अंकेक्षण करने की जिम्मेदारी सौंपी थी जिसका वो आज भी निर्वहन कर रहे हैं।आरती एवं भजन के पश्चात श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर नलिनी फाउंडेशन की ओर से वाटर कूलर का शुभारंभ

जयपुर, चित्रांश एक्सप्रेस। मुख्य अतिथि विधायक कालीचरण सर्राफ ने कहा गर्मी में ठंडा पानी पिलाना बड़े पुण्य का कार्य, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही नलिनी फाउंडेशन की ओर से सोमवार को 6 दुकान झालना डूंगरी क्षेत्र में वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कालीचरण सर्राफ उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम अध्यक्ष एवं पार्षद लक्ष्मण सिंह नूनीवाल ने की। इस दौरान संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा द्वारा करवाए जा रहे कार्यों की जानकारी विधायक सर्राफ को दी गई। जिन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी लोगों से ऐसे कार्यों में लोगों से आगे आने का आग्रह किया।



नलिनी फाउंडेशन संस्था अध्यक्ष राधे गोविंद माथुर द्वारा बताया गया कि नलिनी फाउंडेशन गत कई वर्षों से शिक्षा एवं स्वास्थ के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है जिसके तहत संस्था द्वारा चौथ का बरवाड़ा में गौशाला की स्थापना भी की गई है वह एक सरकारी स्कूल में कंप्यूटर लैब का भी निर्माण करवाया गया है

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संस्था सचिव प्रभात माथुर ने कहा कि संस्था द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार कार्य किया जा रहे हैं। इसके तहत 300 से अधिक बालिकाओं निशुल्क सेनेटरी नैपकिन के साथ-साथ जागरूकता कार्यक्रम और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन एवं होनहार बालकों के लिए स्कॉलरशिप योजना पिछले दो सालों से चल रही है। साथ ही जो जरूरतमंद बालक है। उनके लिए नलिनी आर्थिक संबल योजना चलाई जा रही है। सामाजिक सरोकार के तहत गर्मियों में लगातार ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था संस्था कर रही है। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक कालीचरण सर्राफ ने ऐसे कार्यों को पुण्य के कार्य बताते हुए कहा कि जरूरतमंद की सेवा करना एवं गर्मी में ठंडे पानी की व्यवस्था करना सबसे बड़ा कार्य होता है। संस्था द्वारा जो कार्य किया जा रहा है। उसके लिए वह बधाई के पात्र है। इस दौरान पार्षद एवं अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने कहा कि वह संस्था के साथ काफी लंबे समय से जुड़े हुए हैं तथा उनका हर कार्यक्रम सभी के लिए होता है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के साथ सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जा रहे हैं। कार्यक्रम में संस्था के कोषाध्यक्ष सुनील ब्योत्रा जी द्वारा सभी का धन्यवाद दिया गया कार्यक्रम में ब्रह्माकुमार सैनी शहर उपाध्यक्ष, राजेश शर्मा मंडल अध्यक्ष भाजपा, बजरंग लाल शर्मा, अजीम कुरेशी, अशोक कुमार, निकिता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## 'राम नाम की सरगम पर साहित्य का विजयगीत'



श्रीराम के शुभ अवसर पर, काव्य सुमन खिलाए गए,
मर्यादा के उस पुरुषोत्तम को, शब्दों में सजाए गए।
'मुंशी प्रेमचंद ग्रुप' बना, भावों का एक धाम,
जहाँ साहित्यकारों ने गाया, जय श्रीराम... जय श्रीराम।
प्रथम स्थान पर श्रीमान डॉ. त्रिलोक सिंह का नाम,
प्रयागराज से रच दी कविता, प्रभु श्रीराम का गुणगान।
रामपुर से श्री राम किशोर, हुए द्वितीय के अधिकारी,
साथ अनामिका कली जी, जयपुर की उजली सवारी।
तृतीय रहे त्रिवेणी से, तीन रत्न साहित्य के प्यारे,
शिवदत्त शर्मा जयपुर से, भावों में राम हमारे।
बी. एल. सैनी श्रीमाधोपुर, मर्यादा का पाठ सुनाया,
नवल किशोर दुबे जयपुर से, सुंदर छंद रचाया।
चतुर्थ रहीं मनीषा सहाय, रांची से आईं स्वर लहरी,
भावों से भर राम कथा, शब्दों में रची चमकती गगरी।
जयपुर के श्री राजेश भटनागर, बने पंचम स्थान के शान,
काव्य की गंगा बहाकर, किया श्रीराम को प्रणाम।
षष्ठ रहे अनुकृति माथुर 'गज़ल', अजमेर से आईं भाव लुटाने,
रच डाली ऐसी छंद धारा, जो लगे प्रभु को भाने।
सप्तम क्रम पर डॉ. कमलेश वर्मा, जयपुर से भाव अपार,
शब्दों में श्रीराम बसे हों, ऐसा अनुपम हर एक विचार।
अष्टम स्थान से गौतम कुशवाहा, मुंगेर से गूंज उठे स्वर,
भाव-बूँदों में श्रीराम बसे, जैसे नीर में हो सागर।
नवम रहे संदीप जैन, नवोदित टोंक के दीप समान,
नई लेखनी में राम बसे, नव दृष्टि का ये रहा प्रमाण।
दशम क्रम पर निर्दोष कुमार, बरेली से लाए उजास,
प्रभु श्रीराम की मर्यादा, बिखेरी जैसे सुवास।
इन दस रत्नों की विजय पर, साहित्य हर्ष से झूम उठा,
हर पंक्ति में राम का गुणगान, भावों से वह घनघोर सधा।
चित्रांश एक्सप्रेस ने सजाया, इनकी रचनाओं का सुंदर हार,
बनी अमर ये प्रतिभाएं, पाकर ऐसा साहित्य-संस्कार।
डॉ. अरुण सक्सेना जी को, सादर नमन, वंदन, प्रणाम,
आपके सृजन-संयोजन से, श्रीराम भी हुए अभिराम।
साधुवाद हो पूरी टीम को, जो मंच को सार्थक कर पाई,
राम भक्ति के इस काव्य पर्व पर, साहित्य ने सुंदर छाया बनाई।
शत शत नमन है विजेताओं को, और सभी प्रतिभागी जनों को,
राम नाम में लय हुए हैं हम, इस अद्भुत साहित्यिक संगम को।

डॉ. बीएल सैनी, श्रीमाधोपुर सीकर राजस्थान

# बिहार के जिला औरंगाबाद, हसपुरा में नेशनल अवार्ड सेरेमनी से सम्मान हुए ब्लड फ़ोर्स टीम

समस्तीपुर बिहार, चित्रांश एक्सप्रेस। समस्तीपुर बिहार ब्लड फ़ोर्स टीम को सामाजिक कार्य में उत्कृष्ट भूमिका के लिए हसपुरा, औरंगाबाद में रक्तवीर योद्धा जिला स्तरीय कमिटी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'रक्तदान महादान' 'National Award Ceremony' से सम्मानित किया गया। संस्था के फाउंडर राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि उनका एक ही संकल्प है कि 'आओ मिलकर करे एक ऐसे युग का निर्माण.. जहां रक्त की कमी से न जाए किसी का भी जान...' आगे उन्होंने बताया कि संस्था के माध्यम से अब तक 1000+ लोगों को मदद रक्तदेकर किया गया है।. और अबतक 20 कैंप लगाकर 700+ साथियों ने अपना रक्तदान महादान कर चुके है। संस्था के द्वारा समय समय पर गरीबों के बीच कंबल वितरण, सामूहिक विवाह में सहयोग, भोजन वितरण, इत्यादि सब किया जाता है। आईये हम सब मिलकर संकल्प लेते है की हम सभी को जीते जी रक्तदान और मरणोपरांत अंगदान करना चाहिए।



# सत्य प्रकाश श्रीवास्तव का सम्मान

मुंबई, चित्रांश एक्सप्रेस। संगठन विस्तार के अंतर्गत महाराष्ट्र के मुंबई जिले में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 भारत के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम महाराष्ट्र प्रभारी श्री सत्य प्रकाश श्रीवास्तव सीनियर एडवोकेट हाईकोर्ट मुंबई से उनके मुंबई आवास पर राष्ट्रीय महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिरिजेश श्रीवास्तव जी ने मुलाकात कर सम्मानित किया। कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सत्य प्रकाश श्रीवास्तव जी ने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 भारत का सदस्यता शुल्क निशुल्क है और लोगो से संपर्क कर जुड़ने का आह्वान किया। विदित हो कि श्री सत्य प्रकाश श्रीवास्तव जी जौनपुर जिले के खुटहन गाव के मूल निवासी हैं।संतोष श्रीवास्तव सोनू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी। निवासी जौनपुर/अनीश श्रीवास्तव नेता जी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष/जिला सोशल मीडिया प्रभारी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 जौनपुर।



# भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्रक्टोत्सव के शुभ अवसर पर गोरखपुर में निकला भव्य एवं विशाल शोभायात्रा

गोरखापुर ( प्रदीप श्रीवास्तव ), चित्रांश एक्सप्रेस। कायस्थ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष / समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव ई0 सुनील श्रीवास्तव जी एवं पूर्व अध्यक्ष चित्रगुप्त मंदिर सभा गोरखपुर अनुप कुमार श्रीवास्तव जी के नेतृत्व में भगवान चित्रगुप्त जी के प्रक्टोत्सव के शुभ अवसर पर गोरखपुर में भव्य एवं विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें गोरखपुर के कोने कोने से आये हुए सभी सम्मानित गणमान्य लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।






शोभा यात्रा पुरे शहर का भ्रमण करने के उपरांत चित्रगुप्त मंदिर बक्शीपुर पहुंचा तत्पश्चात महाआरती हुई फिर लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद/भोजन ग्रहण किया। आयें हुए सभी सम्मानित जनों का बहुत बहुत आभार एवं धन्यवाद।

# सौम्या श्रीवास्तव के अभिनंदन कार्यक्रम



बिहार, चित्रांश एक्सप्रेस। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार प्रदेश के द्वारा ठाकुर प्रसाद कम्युनिटी हॉल किदवई पुरी पटना में पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के नवनिर्वाचित कोषाध्यक्ष सुश्री सौम्या श्रीवास्तव के अभिनंदन का कार्यक्रम रखा गया था। कल भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव धा। इस कार्यक्रम का शुरुआत भगवान चित्रगुप्त के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया इसके पश्चात चित्रगुप्त वंदना हुई। चित्रगुप्त वंदना के बाद सौम्या श्रीवास्तव को माला साल देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद समाजसेवी वीरेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव एवं मीडिया में प्रखर काम करने वाली दीपशिखा को भी माला और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूरे बिहार से आए हुए सैकड़ो लोग शामिल थे।

# प्रतीक माथुर ने सांसद व महानगर महामंत्री जी को चित्रगुप्त भगवान की मूर्ति भेंट की

गाजियाबाद, चित्रांश एक्सप्रेस। भाजपा महानगर सोशल मीडिया संयोजक प्रतीक माथुर ने सांसद अतुल गर्ग जी व महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान जी को चित्रगुप्त भगवान की मूर्ति भेंट की। प्रतीक माथुर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मे प्रदेश उपाध्यक्ष हैं एवं चित्रगुप्त कल्याण समिति शालीमार गार्डन गाजियाबाद चित्रांश महासभा चित्रगुप्त पार्क वैशाली साहिबाबाद कायस्थ महासभा आदि संगठनों से भी जुड़े हुए हैं।



MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-8-8-1994
T.O.B. :-10:10 PM
P.O.B. :-Sawai madhopur Rajasthan
Gotra :-kashyap
Height :-5' 6"
Manglik :-
Edu. :-MA History , computer accounts micro soft.excal
Job :-
F.Name :-Manoj Kumar Shrivastava
M.Name :-Mrs Mithlesh Shrivastava
Address :-Spl 1 Ricco colony Kherda Sawai madhopur Rajasthan
Mob :- 9079838646 9694404520


SONAL SHRIVASTAVA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B:- 06-07-1990
T.O.B:- 06.50 p.m.
P.O.B:- New DelhiGotra
father:- Kashyap Gotra
Height:- 5' 3" Mangali:- No
Qualifications:-Graduate
Job:- MNC - Planon India, Hyderabad
Annual income:- 22.5 LPA
Father : Anil Saxena Retired as Section Officer from Min. Of Finance
Mother: Manju Saxena
Address:- Gaur City-1, Noida Extension, Gautam Budh Nagar, UP Anil Saxena 9013376454Manju Saxena 9868886145


PRAGYA SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

DOB: 04/10/1999
Birth Time: 20:12 pm
Birth Place: Lucknow E
ducation: B.com (Hons), M.com, B.ed
Pursuing: PhD in commerce (Marketing subject ) from Amity University, Lucknow
Current job : Working in Flipkart as a business development manager
Mother Name: Reeta Saxena
Father Name: Dinesh Saxena
Home town: Sitapur, Uttar Pradesh
Current Residence: Lucknow
Contact number - 7317006311 , 7081401463


PRIYANKA SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

Birth Date : 27-08-1997
Birth Place : Azamgarh U.P.
Birth Time : 6:30 AM
Mangalik : No
Gotra : Kashyap
Education : (B.Com, M.Com).
F Name : Mr. Ashok Kumar Srivastava

Add.:ANC/045,Azad Nagar ,Kanpur Road near Amausi Airport Lucknow

Contact : 7007623189,9452372982, 9118733277


AKANSHA SRIVASTAVA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-04/10/1999
T.O.B. :-20:12 pm
P.O.B. :-Lucknow
Gotra :-
Height :-
Manglik :- No
Edu. :-B.com (Hons), M.com, B.ed
Job :-CICI Bank as a senior officer

F.Name :-Dinesh Saxena
M.Name :-Reeta Saxena

Address :-Sitapur, Uttar Pradesh
Mob :- - 9554580028, 9794749102


PRIYANKA SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-25 May 1999
T.O.B. :- 04:50 A.M.
P.O.B. :- Hajipur, Bihar
Gotra :-Kashyap
Height :-5 feet 0 inches
Manglik :- No
Edu. :-B. Pharm
Job :-Regulatory Affairs Specialist at Cbayexpress Corporation (Herbishh) Nodia
F.Name :-Sh. Rajesh Ranjan Verma
M.Name :-Sarita Sinha
Address :- Bharat City, Ghaziabad
Mob :- 9319973209


Arunima

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-12th March 1997
T.O.B. :-
P.O.B. :-
Gotra :-Singh
Height :-5 feet 6 inches
Edu. :-B. Tech Mechanical (Honors) - RTU
Job :-Working with MNC
F.Name :- (Late) Sh. Anil Saxena
M.Name :-Smt. Meena Saxena
Address :-118/47, Vikramaditya Marg, Agrawal Farm, Mansarovar, Jaipur - 302020
Mob :- - 9461543216, 8619552796


VIBHOR SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-14/12/1996
T.O.B. :-3:45 PM
P.O.B. :-Biharsharif
Gotra :-Ambastha
Height :-5 F 5 Inch
Manglik :- No
Edu. :-MBA in Finance (BIMM, Pune) B.Com in Accounts Hons.
Job :-Oracle (Bangalore) Financial Analyst
F.Name :-Ajay Kumar
M.Name :-SimmiKumari
Address :-GayatriNiwas, Adarsh Nagar, Road No - 3, Phulwari Sharif,
Mob :- - 9006634367


AMISHA SINHA

MARRIAGE BIO-DATA

DOB: : 8-8-1994
BOT : 10:10 PM
POB : Sawai madhopur
Hight : 5'6".
Gotar : kashyap
Education : MA History
Father - Manoj Kumar Shrivastava
Mother -Mrs Mithlesh Shrivastava
Address- Spl 1 Ricco colony Kherda Sawai madhopur Rajasthan.
Mobile : 9079838646, 8949354721
Only- Rajasthan MP Delhi


SONAL SHRIVASTAVA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B.:-18/10/1993
T.O.B.:-07:00 PM P.O.B.:-Jaipur
Gotra:-SikanderPuria
Height :- 5 feet 11inch Manglik :- Yes
Education MCom
Job :-: Tele Performance Jaipur M.C.A.
Income :- 5 Lac
F. Name : -MadhupSaxena
Mother Name :-Maya Saxena
Address :-DadiKaFatak, Jaipur
Mob :-9772202022


AMAN SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-15/10/1993
T.O.B. :-10.30 PM
P.O.B. :- Sawai Madhopur
Gotra :- Barseriya
Height :- 5 feet 7 inch
Manglik :- No
Education: B.Com, CA, CSA-L2
F. Name :-Mr. Ashok Saxena
M. Name :-Smt. Rekha Saxena
Address :-EB 704 , Arbana Jewels Society Near Muhana Mandi, Sanganer Road, Jaipur-302029
Mob :- 94140 45265, 94140 31740


ALANKAR SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA


D.O.B. :- 04-12-93
T.O.B. :-02:05 P.M.
P.O.B. :-Jaipur, Rajasthan
Gotra :- Laloriya
Height :- 5 ft. 5 inches Manglik :- NO
Education B.Tech in CS from Poornima College,Jaipur,RTU KOTA
Job :- Senior Quality Assurance Engineer in Veritas LLC,Posted Pune
Annual income:- 20 LPA
F. Name :-Adv. Rakesh Saxena
M. Name :-Mrs.Neelima Saxena
Address :-Dev Nagar,Tonk Road,Jaipur
Mob :- 95712 16971


ER.ARUSHI SAXENA

# समय के निकष पर समीक्षा – डॉ. अरुण कुमार सक्सेना

चित्रांश एक्सप्रेस। आदरणीय दीदी डॉ. रेखा गुप्ता जो खुद प्रख्यात समीक्षक हैं उनके निबंध संग्रह 'समय के निकष पर' की समीक्षा मेरे लिए बड़े गर्व का विषय है। एक साहित्य कार्यक्रम में उन्होंने मुझे यह निबंध संग्रह सप्रेम भेंट किया था। 'समय के निकष पर' पुस्तक गद्य साहित्य की एक विधा निबंध का संग्रह है। इसमें आदरणीय दीदी जो की लगभग 30 वर्षों तक हिंदी की व्याख्याता रही हैं, ने 22 लिखो का संग्रह किया है। विषय का चयन श्रेष्ठ है और निर्वहन अति उत्तम है। डॉ रेखा गुप्ता के अनुसार यह सभी निबंध किसी न किसी अवसर पर, कार्यक्रम या व्याख्यानमाला में दिए गए विषय पर लिखे गए हैं। आदरणीय दीदी ने तुलसीदास, कबीर, सूरदास, मीरा व रसखान आदि पुराने साहित्यकारों की विवेचना की है जो की बहुत सुंदर चित्रण है । जैसे तुलसीदास के हृदय में स्त्री के कोमल भाव को परखने की अपूर्ण क्षमता थी, तभी तो राम, सीता के दुख का अनुभव करते हैं । उन्होंने लिखा है कि कबीर की वाणी में भय नहीं है । वे जहां गलत देखते टोक देते हैं चाहे पंडित, मौलवी या कोई भी सामाजिक विसंगतियां हो। सूरदास की






कृष्ण भक्ति, मीरा के वैयक्तिक स्वतंत्रता, रसखान के प्रेम दर्शन आदि पर मनभावन ज्ञान वर्धक लेख हैं। मेरे प्रिय साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद जी पर आदरणीय दीदी की कुछ लाइनें "प्रेमचंद का कथा साहित्य काल्पनिक लोक के कृत्रिम वातावरण के बदले यथार्थ से अनुप्राणित था।" "प्रेमचंद यथार्थवादी लेखक रहे और उन्होंने समाज में दलित शोषितों, वंचितों और स्त्रियों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार का मार्मिक चित्रण किया है," मेरे आदर्श साहित्यकार को उनकी सच्ची श्रद्धांजलि है। महिला काव्य लेखन में महिलाओं की स्थिति पर लिखा निबंध सराहनीय है और सभी महिलाओं को इसे पढ़ने पर नई दिशा व नया मार्ग मिलेगा।

अंत में मैं यही कहूंगा कि आदरणीय दीदी डॉक्टर रेखा गुप्ता का निबंध संग्रह 'समय के निकष पर' सभी निबंध बहुत ही स्तरीय है और सभी को जरूर पढ़ना चाहिए। आदरणीय दीदी को इस निबंध संग्रह के लिए बहुत-बहुत बधाई।



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

स्मृति चित्र से निकलकर
उनके पलकों में कैद कई,
सुंदर स्वप्न सजीले,
नैनो पर काजल की बदरी भी
पल पल प्रेम उड़ेले।

उनके कुंतल के जाल तले,
जब चेहरे की शोभा निखरी,
मानो उषा की किरणें
जस बादल बीच हो बिखरी।

दीप्त भाल लगी ये बिंदी भी
मन को कर दे मोहित,
होठों पे सजती लाली,
ज्यों रक्त प्रभा सी शोभित।

गालों पर फूलों की रंगत
कानों में कुंडल झलकाया,
हर क्षण जिसकी स्मृति रही
मानो देखी जस वो काया।

अमित पाठक शाकद्वीपी

## विशाल श्रीवास्तव को अ. भा. का. महासभा का प्रदेश सचिव का दायित्व सौंपा





नई दिल्ली, चित्रांश एक्सप्रेस। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ( 2150 ) नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव द्वारा उत्तर प्रदेश के जनपद बलरामपुर निवासी सपा मीडिया प्रभारी विशाल श्रीवास्तव को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का प्रदेश सचिव पूर्वी उत्तर प्रदेश का दायित्व इस आशय के साथ सौंपा गई है कि वे अपनी लगन, निष्ठा और ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए प्रदेश सचिव पूर्वी उत्तर प्रदेश, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के भार को वहन करेंगे और समाज में व्याप्त समस्यायों के निराकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को निभाएंगे जिससे कायस्थ समाज अपनी संवर्धता को प्राप्त कर सामाजिक विकास की नई गाथा को लिखेगा। इस मौके पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के नव नियुक्तप्रदेश सचिव विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए सामूहिकता और सामाजिक सहयोग को बढ़ाने के साथ, कायस्थ समाज की सामाजिक और राजनैतिक भागीदारी के लिए संघर्ष मेरी प्राथमिकता होगी साथ साथ कायस्थ समाज के समग्र विकास के लिए विभिन्न सेवाओं का संचालन करते हुए, मै समाज में सामाजिक और धार्मिक समरसता को बढ़ाने हेतु काम करूँगा! विशाल के मनोनयन पर चित्रगुप्त सभा के अध्यक्ष डॉ पारितोष सिन्हा, वरिष्ठ अधिवक्ता समाजसेवी राज कुमार श्रीवास्तव,अधिवक्ता अजय श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, डॉ प्रमोद श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, सुबीर श्रीवास्तव आदि।

## धर्मराज, भगवान श्री चित्रगुप्त प्राकट्य दिवस मनाया





भीलवाड़ा, चित्रांश एक्सप्रेस।कायस्थ समाज के आराध्य देव 'भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्राकट्य दिवस श्री चित्रगुप्त मंदिर शाम की सब्जी मंडी पर मनाया गया। प्रारंभ में सर्व समाज जनों को ठंडाई का वितरण किया गया 1101 दिपको से महा आरती कि गयी कार्य क्रम के अंत में प्रसाद एवं अल्पाहार का वितरण किया गया।कार्यक्रम में जिला संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री राजस्थान कायस्थ महासभा डॉ अजय माथुर, संरक्षक कैलाश नारायण माथुर, अनिल निगम, राकेश सक्सेना, राकेश भटनागर, केदार लाल माथुर, उपाध्यक्ष प्रभात माथुर, सचिव अरुण निगम, बालक्ष श्रीवास्तव, राजस्थान सह संयोजक चित्रगुप्त मंत्र लेखन पुष्पेन्द्र कुमार सक्सेना, राजस्थान कायस्थ महासभा भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष अंकेश सक्सेना, महेंद्र माथुर, महेश माथुर, सी. पी, भटनागर, सुभाष माथुर, प्रदीप माथुर, सुनील अष्ठाना, सुनिल सिन्हा, अंजनी कुमार वर्मा, सोरभ सक्सेना, कुलदीप श्री वास्तव, अनुप श्री वास्तव, शरद माथुर, विजय नाग, सुरेश रेखा निगम, श्री मती अमन भटनागर, महिला अध्यक्ष श्री मती माथुर, श्री मती चंचल श्रीवास्तव, श्री मती मीना सक्सेना, श्री मती हंसा निगम, श्री मती लक्ष्मी माथुर, श्री मती रेखा श्रीवास्तव, श्री हेमा वर्मा, श्री मती इन्दु भटनागर, श्री मती संगीता श्रीवास्तव, श्री मती अंजना माथुर, श्री मती पुष्पा सक्सेना श्री मती रविन्द्रा माथुर, श्री मती मथुरी माथुर, निधी श्री वास्तव उपस्थित रहे। 251 दीपको से धर्मराज चित्रगुप्त प्राकट्य उत्सव पर महाश्रृंगार आरती, हवन, अभिषेक पूजन पूजन, हवन, अभिषेक प्रसादी वितरण किया गया।

गायत्री जिनने कलम सम्हाली चित्रगुप्त के वंशज हैं: प्रदेश सचिव पंकज मोहन सक्सेना ने बताया कि धर्मराज चित्रगुप्त के भक्ति भाव से सराबोर गीत-जिसने कलम सम्हाली चित्रगुप्त के वंशज हैं की प्रस्तुति देकर संगीत की रस धार बहाई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय कायस्थ महा परिषद व सहयोगी कायस्थ संस्थाएं राजस्थान कायस्थ महासभा, श्री कायस्थ सभा क्षेत्रीय कायस्थ महासभा पदाधिकारियो के सहयोग से सामूहिक प्रसादी वितरण किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय भोजपुरिया महासंगम और गौरवशाली पूर्वांचल सम्मान समारोह



नई दिल्ली , चित्रांश एक्सप्रेस। भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में लाना और अश्लीलता के लिए कठोर कानून बनाने के लिए अरविंद चित्रांश के संयोजन में भारत की राजधानी,दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय भोजपुरिया महासंगम और गौरवशाली पूर्वांचल सम्मान समारोह का आयोजन होने जा रहा है।

अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि जी महाराज ने कहा कि संयोजक/संस्थापक एवं गौरवशाली पूर्वांचल के प्रधान संपादक एवं प्रभारी अरविंद चित्रांश के साथ मिलकर भारत की राजधानी दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी संगम भारत और गौरवशाली पूर्वांचल सम्मान समारोह होगा। जिसका मुख्य उद्देश्य भोजपुरी को संविधान के आठवीं अनुसूची में मान्यता दिलाना और अश्लीलता के लिए कठोर कानून बनवाने हेतु आयोजन की तैयारी के सिलसिले में परम पूज्य स्वामी चक्रपाणि जी महाराज के दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में विधिवत चर्चा परिचर्चा के साथ पुस्तक 'गौरवशाली पूर्वांचल' और पूर्वांचल का प्रसिद्ध लोकनाट्य 'बिटिया की विदाई' का लोकार्पण करते हुए दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम के लिए बधाई दिए और भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में मान्यता दिलाने और अश्लीलता के खिलाफ कठोर कानून बनाने के लिए केंद्र सरकार से निवेदन किये! साथ में राम राज्य स्थापना न्यास एवं अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी संगम भारत के दिल्ली प्रभारी, प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट एवं समाजसेवी डॉ अरुण सिंन्हा उपस्थित रहें।

## कायस्थ महासभा का भव्य आयोजन संपन्न, युवा पत्रकारों और कलाकारों को सम्मानित



नई दिल्ली, चित्रांश एक्सप्रेस। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, दिल्ली प्रदेश द्वारा शनिवार को ग्रेटर कैलाश-1 स्थित एम ब्लऑक मार्केट में भव्य धार्मिक एवं सांस्तिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगवान श्री चित्रगुप्त जी की विधिवत पूजन और महाआरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन की विशेषता रही एक सम्मान समारोह, जिसमें समाज के प्रतिभाशाली छात्र पत्रकारों, नवोदित कलाकारों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। मंच पर बुलाकर इन युवाओं को सम्मान पत्र व प्रतीकचिन्ह प्रदान किए गए, जिससे समाज में प्रेरणा का संचार हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में मौजूद रहे: कायस्थ सरदार ए सी भटनागर जी, श्री डी. के. सक्सेना, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ( प्रभारी - दिल्ली एवं एनसीआर ) श्री अजय श्रीवास्तव 'नीलू', राष्ट्रीय महामंत्री , विशिष्ट अतिथि श्री महेंद्र सक्सेना ( राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ) श्री विपीन जौहरी ( राष्ट्रीय संयुक्त महामन्त्री ) श्री आर डी श्रीवास्तव ( राष्ट्रीय मंत्री ) श्रीमती शेफाली भटनागर ( राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला विंग ) कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री रजनीश रंजन सिन्हा ने कहा, 'हमें राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री अजय श्रीवास्तव 'नीलू' जी के नेतृत्व में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है, जो हमारे लिए गौरव की बात है।' उन्होंने आगे कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक चेतना और सांस्तिक सरोकारों से भी जुड़ा रहा। 'युवा प्रतिभाओं को समाज के मंच से सम्मानित करना उन्हें नई ऊर्जा देने जैसा है। इससे उन्हें यह संदेश जाता है कि समाज उनकी मेहनत और लगन को देख रहा है और सराह रहा है।' कार्यक्रम के अन्य आकर्षणों में शामिल रहे: . भगवान श्री चित्रगुप्त जी की महाआरती . सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी चर्चाएँ एवं संवाद। समारोह के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## कायस्थम ने सेवानिवृत आईएएस श्री आलोक श्रीवास्तव को सम्मानित



भोपाल, चित्रांश एक्सप्रेस। कायस्थम भोपाल मप्र ने सेवानिवृत आईएएस श्री आलोक श्रीवास्तव को आज भारत भवन में स्मृति चिन्ह, श्रीफल, अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। श्री आलोक श्रीवास्तव के जल रंग चित्रों की आज से भारत भवन में प्रदर्शनी आयोजित की गई है। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने किया था इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्तकी मनोज श्रीवास्तव, भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री जे .एन. कंसोटिया ,सेवानिवृत आईएएस श्री अनिल श्रीवास्तव, श्रीमती विजया श्रीवास्तव सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, पीएच ई के सेवानिवृत्त सीएफ इंजीनियर श्री एमके श्रीवास्तव ,श्री मुकेश खरे, कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव, उपाध्यक्षद्वय श्री आरपी श्रीवास्तव एवं सुरेश श्रीवास्तव, महासचिव अभय श्रीवास्तव ,सचिव डॉ.रश्मि सक्सेना, कोषाध्यक्ष मुकुल अस्थाना सहित कार्यकारिणी सदस्य डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, नीता खरे, अजय निगम शरद श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा राजस्थान पद नियुक्त होने पर







चित्रांश एक्सप्रेस।अखिल भारतीय कायस्थ महासभा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष चित्राश कुलदीप माथुर जी एवं प्रदेश महामंत्री धर्मेंद्र जौहरी जी की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ डॉ ऋषि माथुर ने युवा प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए चित्राश अमित माथुर को प्रदेश सचिव एवं डॉ सौरभ माथुर एवं अक्ष नेपालिया को प्रदेश सह सचिव 'नियुक्त किया गया है।

डेंगु एवं मलेरिया का प्रभावी ईलाज
HOMOEOPATHIC CHIKISTA KENDRA



Dr. B.C. Saxena
B.Sc. D.H.M.S.
(Heart & General Physician)
Mob.: 98281-59170

विशेषज्ञ :
हृदय रोग, पाइल्स, अल्सर पथरी, बच्चों के रोग, स्त्री रोग

38/17, Madhyam Marg, Kiran Path, Mansarovar, Jaipur-302020
E-mail : brijesh.sexena1@gmail.com

Timing Summer : 8 -12 am 5 - 8 pm
Winter : 9 -1 am - 5 - 8 pm
Sunday Evening Closed

Amit Saxena
9468957703

VOLTAS MITSUBISHI ELECTRIC acer GENERAL Haier BOSCH SAMSUNG HITACHI

COOL POINT ENGINEERS

Deals in : Air Conditioners, Miccrowave LED, Refrigerator, Washing Machine

10/7, Swarn Path Crossing, Madhyam Marg, Mansarovar, Jaipur - 302020
Phone : 0141-2786263 | E-mail : coolpointjaipur@gmail.com

# कायस्थ समाज ने रामनवमी के अवसर पर किये सेवा कार्य

जोधपुर, चित्रांश एक्सप्रेस। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कायस्थ समाज के विभिन्न संगठनों के सहयोग से रामनवमी के अवसर पर शहर में निकलने वाली शोभायात्रा झांकियों के लिए सेवा कार्य के रूप में शीतल पेय एवं पानी की बोतल कोल्डड्रिंक एव बच्चों के लिए वेफर्स की व्यवस्था बी रोड सरदारपुरा में की गयी । शोभायात्रा में भगवान चित्रगुप्त जी महाराज की झांकी की भी आरती एवं स्वागत फूलों से किया गया। कार्यक्रम सयोजक ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के प्रदेश महासचिव दीपेश भटनागर ने बताया इस बार कायस्थ समाज के विभिन्न संगठन जिसमे ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, भटनागर परिवार जोधपुर, कायस्थ कल्याण समिति ओर अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा के पदाधिकारियों के सहयोग से ये कार्य संपन्न किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सावर लाल माथुर जी द्वारा की गई । सर्वप्रथम उन्हें



साफा पहनाकर उनका स्वागत किया गया। बाकी सभी पदाधिकारियों का भी साफा एवं स्कार्फ पहनाकर सम्मान किया गया। इसके पश्चात आराध्य देव श्री चित्रगुप्त जी महाराज जी की आरती कर कार्यक्रम की शुरू की गई। ग्लोबल कायस्थ की श्रीमती कविता श्रीवास्तव राष्ट्रीय अध्यक्ष सेवा एवं परिवार से सुनील भटनागर, मानवेन्द्र मानवाधिकार प्रकोष्ठ, संभागीय संगठन भटनागर, श्रीमती निशा भटनागर, संजय मंत्री दीपक माथुर, अविनाश भटनागर, भटनागर, हर्ष भटनागर, श्रीमती दया संभागीय अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, डॉ भटनागर, राकेश भटनागर, श्रीमती पूजा शिल्पी कुलश्रेष्ठ, धर्मेंद्र सक्सेना जिला भटनागर, अंकिता भटनागर, मानसी अध्यक्ष जयपुर, गगन कुलश्रेष्ठ धौलपुर, भटनागर, रवि भटनागर सहित कुड़ी पार्षद आशिष माथुर अखिल भारतीय कायस्थ श्रीमति निशि श्रीवास्तव, श्रीमती सीमा महासभा के संभागीय अध्यक्ष राजेंद्र भुवन माथुर प्रदेश बीजेपी कार्यकारिणी माथुर राजन, जिला अध्यक्ष श्रीमती सदस्य सहित कायस्थ चेम्बर ऑफ संगीता भटनागर, श्रीमती निशा माथुर कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आशुतोष माथुर, जिला सचिव, संभागीय उपाध्यक्ष राजीव हिमांशु माथुर, शरद माथुर, सुरेश भटनागर, कायस्थ कल्याण समिति के श्रीवास्तव, योगेश सक्सेना, अभिषेक दुबे अध्यक्ष डॉ पीयूष सक्सेना, वरिष्ठ, कई भाई बहनों ने अपना अपना सहयोग उपाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, भटनागर देकर कार्यक्रम सफल बनाया।

# चिकनपॉक्स बचाव महाभियान



फतेहपुर, चित्रांश एक्सप्रेस ।विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पुनः इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी,आरोग्य भारती व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्ततत्वावधान में चेयरमैन व आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा चिकनपॉक्स बचाव महाभियान चलाया गया।जिसके अंतर्गत डॉ अनुराग द्वारा कम्पोजिट विद्यालय मलाका के 104,आंगनबाड़ी केंद्र मलाका के 15,महर्षि विद्या मंदिर छात्रावास में रहने वाले 120 कुल 239 बच्चों को चिनपॉक्स के संक्रमण को कम करन व रोगप्रतिरोधकयोपैथिक औषधि प्रदान की गई। साथ ही सभी बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रमोद त्रिपाठी,कमलेश कुमार व प्रमुख सहयोगी सुरेश श्रीवास्तव सदस्यता प्रमुख इंडियन रेडक्रास सोसाइटी सहित प्रमुख सहयोगी अभिनव श्रीवास्तव संयोजक होमियोपैथिक केमिस्ट प्रकोष्ठ उपस्थित रहे।

# नया वेब पोर्टल और 'कायस्थ कार्ड अभियान'



( कृष्ण कुमार श्रीवास्तव ) चित्रांश एक्सप्रेस। जल्द ही अखिल भारतीय कायस्थ महासभा अपने नए और बेहतर रूप में वेब पोर्टल के साथ आपसे जुड़ने जा रहा है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का नया वेब पोर्टल और 'कायस्थ कार्ड अभियान' हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर हमेशा से ही हम सभी के लिए गर्व का कारण रही है। इसे और आगे बढ़ाने के उद्देश्य से, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की है, जिसका नाम है 'कायस्थ कार्ड अभियान'।


यह अभियान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कायस्थ समाज को एकजुट करने और हमारे बीच सहयोग बढ़ाने के लिए शुरू किया गया है। इस अभियान के माध्यम से, हम हर कायस्थ परिवार से संपर्क करेंगे और उनके बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करेंगे। इसके तहत, हम परिवार के मुखिया से लेकर हर सदस्य का विवरण लेंगे, जिसमें उनके सामाजिक, शैक्षिक और व्यक्तिगत जानकारी शामिल होगी। इसके अलावा, हम विवाह योग्य युवक-युवतियों की जानकारी, सामाजिक गतिविधियों, रोजगार के अवसर और शिक्षा से संबंधित डेटा भी एकत्र करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कायस्थ परिवारों के बीच एक दूसरे से परिचय बढ़ाना है, ताकि वैवाहिक संबंध, रोजगार के अवसर, शिक्षा परामर्श और सामाजिक सहयोग में नई संभावनाएं उत्पन्न हो सकें। लेकिन यह सब आपके सहयोग के बिना संभव नहीं हो सकता। श्री चित्रगुप्त भगवान के वंशज के रूप में, यह हमारा कर्तव्य है कि हम इस पुण्य कार्य में भाग लें और कायस्थ समाज को एकजुट करने में अपनी भूमिका निभाएं।इस अभियान के संचालन और सफलता में आपके योगदान की अत्यधिक आवश्यकता है।हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप इस अभियान में भाग लेकर अपने परिवार और मित्रों को भी प्रेरित करें।

.पया शीघ्र ही अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के वेब पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन फार्म भरें और इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। आपका योगदान हमारे समाज के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# नए तेवर नए कलेवर के साथ उभरते अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का बढ़ता कारवां

## कायस्थ कुलगौरव डॉ अनूप श्रीवास्तव जी के कुशल दिशा निर्देश में

महाराष्ट्र, चित्रांश एक्सप्रेस। महाराष्ट्र प्रदेशाध्यक्ष श्री राजीव वर्मा जी ने मुंबई स्थित जानेमाने उद्योगपति ( स्वामी इनटेक इंट्रनेशनॉल )प्रखर वक्ता , समाज सेवी चित्रांश प्रदीप सिनहा जी से मुलाकात कर के कार्ड के विस्तृत स्वरूप इसकी महत्ता एवं विस्तार पर व्यापक विमर्श किया एवं चित्रांश श्री प्रदीप सिनहा जी को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया ।चित्रांश श्री प्रदीप सिनहा ने पूरी तरह समर्पित भाव से जुड़ कर इस कायस्थ एकता कायस्थ संवृद्धि के इस पावन यज्ञ में अपनी सक्रिय का संकल्प लिया



आज पूरे देश में abkm ने अनेक कायस्थ हित के प्रकल्पों के माध्यम से समाज को नई दिशा प्रदान कर रही है ।प्रदेशाध्यक्ष श्री राजीव वर्मा ने सभी कायस्थ संगठनों से विनम्र अपील किया,की हम अपनी संख्या को केवल। कार्ड के माध्यम से ही प्रमाणित रूप से ही देश के सामने रख पाएंगे, के कार्ड के पवित्र सूत्र में पिरो कर कायस्थ समाज की एकता गरिमा पुनर्स्थापित करनी है।









सम्पादक – डॉ. अरूण कुमार सक्सेना । सीईओ – अजीत सक्सेना । सह–सम्पादक – रवि माथुर । संरक्षक – धर्मेन्द्र जौहरी